## सार-समाचार

### सेवा कार्यों के साथ जन्मदिन मनाया

**रतनगढ़** (निसं)। नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत ने अपना जन्मदिन बड़े ही सादगीपूर्ण एवं सामाजिक सरोकारों के बीच मनाकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सारस्वत ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा, गुड़ एवं लापसी खिलाकर गौ सेवा का पुण्य कार्य किया। इसके साथ ही उन्होंने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सेवा कर उन्हें भोजन सामग्री वितरित की और समाजसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर सारस्वत ने कहा कि जन्मदिन जैसे पावन दिन को केवल उत्सव के रूप में न मनाकर समाज और गौमाता की सेवा में लगाना ही सच्चा उत्सव है। उन्होंने उपस्थित युवाओं और कार्यकर्ताओं से भी प्रेरणा लेने का आग्रह किया कि वे जीवन में सदैव सेवा कार्यों को प्राथमिकता दें। एवं उनके मित्रों, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने सारस्वत का जन्मदिन बडे ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। देर शाम आयोजित समारोह में केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई। समारोह में युवा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ उन्हें बधाईयां दीं और दीर्घायु की कामना की।समारोह में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी सारस्वत के जनसेवा भाव और समाजहित में किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यों से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर उमडी भीड़ ने माहौल को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण बना दिया। जन्मदिन समारोह में बड़ी संख्या में मित्रमंडली, युवा साथी, समर्थक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे।

### गौशालाओं का निरीक्षण किया

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर के तहसीलदार हरदीप सिंह ने श्री राजलदेसर गौशाला, श्रीनाथ नगर गौशाला, राधा कृष्ण गौशाला सिमसिया तीनों गौशालाओं का उन्होंने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान श्री राजलदेसर गौशाला में बने गौ आवास गृह बरसाती पानी संग्रहण हेतु बने कुंड, नेपियर घास, ट्रोमा सेंटर, चारागृह, आदि का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की अलग-अलग गौ माता के लिए की गई व्यवस्था की सराहना की साथ ही गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने गौशाला में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस अवसर पर पशु चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुभाष करणावत, पशुधन निरीक्षक बुध राम , विजयपाल पशुधन निरीक्षक, भी मौजूद थे साथ ही आगामी गौशाला में अनुदान को लेकर तीनों गौशाला के रिकॉर्ड चेक किया एवं रिकॉर्ड सही तरह से पाया गया साथ ही तीनों गौशालाओं को बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के द्वारा उन्होंने संतोष व्यक्त किया इस अवसर पर श्री राजलदेसर गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल सोनी, विनोद भाटिया, कैलाश सोनी, मैनेजर राधेश्याम पांडे,जय राम, नाथनगर गौशाला में पूर्व मंत्री पवन बोथरा, मंत्री भागीरथ पारीक, राजकुमार शर्मा, राजकरण विनायक आदि उपस्थित रहे।

### रामलीला का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। रेलवे कॉलोनी स्थित श्री हनुमान कला मंदिर की ओर से आयोजित रामलीला मंचन का शुभारम्भ नवरात्रा स्थापना के अवसर पर सोमवार देर शाम समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुशीला आर्य ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चचंलनाथ टीला झुंझुनू के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज ने मां दुर्गा की आरती कर कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान पूर्व कलाकार मनोज आर्य के निधन पर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सोमवार को रामलीला में कलाकारों ने नारद मोह, रावण नंदी संवाद और मेघनाथ द्वारा ऋषियों से रक्त कर वसूलने जैसे प्रमुख दृश्यों का मंचन कर उपस्थित जन से खूब तालिया बटोरी। इस अवसर पर कलाकार परमानंद स्वामी, अमित राज पांडे, डायरेक्टर महिपाल सिंह बडगुर्जर, प्रेम चौधरी, नंदकिशोर बरोड, प्रमोद गौड, नेमीचंद बडौदा, सुरेश कुमार शर्मा, यतेंद्र कुमार लाटा व महेंद्र सिंह ने विभिन्न रूपों में अभिनय कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। रामलीला का संचालन रमेश चंद्र शर्मा, हरिकिशन, रवि व संतलाल बरोड ने संयुक्त रूप से किया।

### सम्मान समारोह आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। श्री अग्रवाल सेवा समिति के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजितअग्र वंदन 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार की रात प्रतिभा एवं विशिष्टजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।समारोह में पल्लवी सरावगी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सरावगी के निरंतर प्रयासों और विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की दिशा में मार्गदर्शन देने की उपलब्धियों की सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष जगदीश बेरासरिया, समिति अध्यक्ष राधेश्याम पांडूसरिया, महामंत्री श्यामसुंदर खेतान सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के 35 मेधावी विद्यार्थियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के 14 प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा व राजनीति क्षेत्र में आगे बढने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक मुरारका ने किया और अंत में समिति पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**बिदासर,** (निसं)। साण्डवा में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ यूनिट के कमाडिंग अधिकारी ले. कर्नल प्रदीप दईया ने किया। ले. कर्नल प्रदीप दईया ने कहा कि कैडेट्स शिविर में अपने जीवन में आगे बढने की शुरूआत है। जिससे कैडेट्स अपने भविष्य की ओर बढेगा। इसलिए कैडेट्स शिविर में मेहनत व लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करे ताकि आगे जाकर आपकों सफलता मिलेगा। उन्होने बताया कि योग, ड्रील, मैप रीडिंग, फायरिंग आदि के प्रशिक्षण से कैडेट्स अनुभव हासिल करेगा। शिविर में 355 कैडेट्स भाग ले रहे है। जसवीर मेमोरियल शिक्षण संस्थान में शिविर में कैडेट्सों को खेलकूद, साईबर सुरक्षा, मोबाईल सुरक्षा आदि का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमाण्डर ले. कर्नल राजेश कुमार, सुबेदार मेजर प्रेमकुमार तमांग, सुबेदार राजेश लांबा, सुबेदार अमित कुमार, अतिरिक्त प्रशासन अधिकारी शांतिलाल रक्षक, एनसीसी अधिकारी विष्णु सिंह, संस्थान के सचिव सतवीर धनखड, अमित गौड, दीपक धनखड व हवलदार कैलाश आदि मौजूद रहे।

### भगवान श्रीराम की लीला का मंचन

**बीदासर** (निसं)। रामलीला कमेटी बीदासर के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में सोमवार की रात्रि में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का भव्य मंचन शुरु हुआ। लीला का उद्घाटन राहुल गंग व मोनिका गंग द्वारा दीप प्रज्वलित व फिता काट कर किया गया। लीला के प्रथम दिन नादरमोह विष्णु स्वयंबर व रावण कुंभकर्ण वरदान की लीला का मंचन किया गया। लीला में अमित कुमार दर्जी व सुरेश कुमार चैहान के निर्देशन में विष्णु का जतिन नामदेव, शिव का शिवम सेन, पार्वती का लालचंद मेघवाल, नारद का निरंजन राठौड, कामदेव का महेंद्र प्रजापत, इंद्र का रवि वर्मा, शीलनिधि का राकेश शर्मा ने अभियन किया। इस अवसर पर समिति के संजय मोदी, फुसराज गौड, अरुण तिवाडी, गोपाल प्रजापत, राजेंद्र कुमार सारस्वत, एडवोकेट गोविंद जाखड, लालचंद जाट, राकेश सिहाग आदि उपस्थित थे।

### मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की

**रतनगढ़** (निसं)। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के संचिया माता मंदिर में बैद ट्रस्ट के तत्वावधान में शतचंडी यज्ञ अनुष्ठान के दूसरे दिवस आचार्य पंडित देवकीनंदन माटोलिया के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार से मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गयी। विद्वान पंडितजन ने दुर्गा सप्तसती का पाठ कर रहे हैं। मंगलवार को दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना मंदिर के मुख्य ट्रस्टी जोधराज बैद परिवार के राजीव बैद ने की। इस अवसर पर मंदिर के अन्य ट्रस्टीगण भी उपस्थित थे। नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर परिसर व गर्भगृह को मनमोहक भव्य सजाया गया है। गत सायं की महा आरती में अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### टेबल टेनिस टीम भागलपुर रवाना

**रतनगढ़** (निसं)। श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के 19 वर्ष टेबल टेनिस के छात्र भागलपुर (बिहार) में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनित्व करेंगे। टीम प्रभारी नागरमल प्रजापत ने बताया कि 19 वर्ष छात्र में धैर्य चौमाल, कश्यप शर्मा, स्पर्श गहलोत, दिव्यांशु व हर्ष भाग लेंगे तथा 14 वर्ष की टीम में छात्र यथार्थ शर्मा भाग लेगा। विद्यालय व्यवस्थापक रामावतार शर्मा, समिति सदस्य अमरचन्द दायमा व लोकेश चौमाल व विद्यालय स्टाफ ने छात्रों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस अवसर पर मालपुरा टोंक में आयोजित एथेलेटिक प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र वरुण शर्मा व हेमन्त को मेडल पहनकर सम्मान किया गया।

# 'मेजर दलपत सिंह का बलिदान युवाओं के लिए आदर्श व प्रेरणादायी'

**सीकर,** (निसं)। संत योगी मोती नाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित मेजर दलपत सिंह शेखावत बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने हजारों सालों तक भारतीय इतिहास को दबाने का प्रयास किया, लेकिन हमारी गुरूकुल पद्धित व संस्कृति व संस्कारों के कारण विफल रहे।

ब्रिटिश काल मे अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा पद्धति में उठापटक कर हमारे इतिहास व वीर योद्धाओं से दूर करने का वर्षों से प्रयास किया, लेकिन अब सरकार ऐसे ही योद्धाओं को याद कर उनकी जीवनी हर आमजन तक पहुंचाने का काम कर रही। उन्ही में से एक मेजर दलपत सिंह शेखावत थे जिन्होंने इजराइल में अदम्य साहस का परिचय देकर इजराइल के हाइफा शहर को 402 सालों की ऑटोमैन साम्राज्य की गुलामी से आजादी दिलाई। खर्रा मंगलवार को प्रधान जी का जाव मे आयोजित मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर श्रद्धाजंलि सभा व वीरांगना सम्मान समारोह तथा रावणा राजपूत सामाजिक जागृति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में काग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि समाज हित में काम करने वाले सभी लोगों को पिढिया याद करती है। मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनके अदम्य साहस को पाठ्यक्रम में शामिल करवाया गया था। उन्होंने कहा कि रावणा राजपूत समाज की बालिकाओं के लिए छात्रावास की जमीन अलाट होने के बाद 20 लाख रूपये विधायक कोष से देने की घोषणा की। सभी जनप्रतिनिधियों से भी छात्रावास सहयोग का आव्हान किया। सीकर विधायक राजेन्द्र पारीक ने सीकर मे मेजर दलपत सिंह शेखावत के सर्किल निर्माण में सहयोग करने का आश्वासन दिया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने सुधीर महरिया सेवा संस्थान से बालिका छात्रावास के लिए एक लाख रूपये की सहायता की घोषणा की। समारोह में आयोजन समिति के संयोजक हनुमान सिंह पालवास ने मेजर दलपत सिंह शेखावत के जीवन परिचय की जानकारी देकर कार्यक्रम का हेतु बताया।समारोह में इजरायल प्रतिनिधि लबाना पेनकर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान की पूरी घटना व इजराइल में उनके पाठ्यक्रम के बारे में बताया।

समारोह की अध्यक्षता बिग्रेडियर मोहन सिंह शेखावत का कि अमर बलिदानी मेजर दलपत सिंह शेखावत समाजों से उपर है। उनकी गौरव गाथा का गुणगान हर सैनिक के लिए जोश व जज्बा पैदा करता है। समारोह में मंचासीन सीकर सांसद अमराराम, धोद विधायक गोरधन वर्मा, फतेहपुर विधायक हाकिम खां, खण्डेला विधायक सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक रतन जलधारी, पूर्व यूआईटी चैयरमैन हरिराम रणवा,धोद नगरपालिका अध्यक्ष अमरसिंह कर्णावत, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल,कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष बाबूसिंह बाजौर, निवर्तमान चेयरमैन जीवण खान व उपसभापति अशोक चौधरी तथा कर्नल जगदेव सिंह, पवन मोदी व डा बलवंत सिंह चिराना तथा रावणा राजपूत समाज के अध्यक्ष शंकर सिंह उग्रावत , विजेंद्र सिंह रावणा, सहकारिता विभाग राजस्थान के उप रजिस्ट्रार रणवीर सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

समारोह का शुभारंभ नवरात्रि के अवसर पर बाल्मीकि समाज की बेटी ने दीप प्रज्जवलित करके सामाजिक समरसता का उदाहरण पेश किया । समारोह मे रावणा राजपूत समाज के जिले के सभी स्थानों से लोग पहुंचे। इस दौरान शहीद वीरांगनाओं और शौर्य चक्र से सम्मानित सैनिकों का सम्मान किया गया। सर्व समाज के प्रमुख गणमान्य जन सहित अल्प समुदाय के मोजोज जन उपस्थित रहे।



सीकर के प्रधानजी का जाव में शहीद वीरांगना सम्मान व रावणा राजपूत सामाजिक जागृति सम्मेलन हुआ।

### कृषक भ्रमण दल रवाना

**झुंझुनूं,** (निसं)। आत्मा योजनान्तर्गत 40 कृषकों को आत्मा कार्यालय से उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) झुंझुनूं शीशराम जाखड, सहायक निदेशक कृषि झुंझुनूं सविता व कृषि अधिकारी उद्यान अरविंद फगेडिया ने अंतर राज्य पांच दिवसीय कृषक भ्रमण को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप निदेशक कृषि शीशराम जाखड ने बताया कि यह भ्रमण दल जयपुर, अजमेर, राजसमंद, उदयपुर व चित्तौडगढ़ के कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि अनुसंधान केंद्रों व कृषि विश्वविद्यालयों का भ्रमण कर संरक्षित खेती, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसलोंपरांत प्रबंधन व प्रसंस्करण, कृषि पर्यवेटन व नवीनतम कृषि तकनीकी एवं उद्यानिकी फसलों की जानकारी प्राप्त करेंगे। भ्रमण अविधि 23 सितंबर से 27 सितंबर तक रहेगी। भ्रमण दल रवानगी के मौके पर उप परियोजना निदेशक (आत्मा) प्रमोद कुमार, बीटीटी कन्वेनर एवं कृषि पर्यवेक्षक बुहाना सुनिल कुमार भास्कर, सहायक कृषि अधिकारी चिडावा संजय कुमार, तपेश कुमार, रितेश कुमार व 40 कृषक उपस्थित थे।

## जिला प्रभारी सचिव ने ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया

**सीकर** (निसं)। डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने जिले के सीकर उपखण्ड के कोलीडा गांव में ग्रामीण सेवा शिविर तथा नगर परिषद सीकर में शहरी सेवा शिविर अभियान का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर शिविर से निराश नहीं होकर जाये। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का लाभ वास्तविक रूप से आमजन तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अधिकारियों से उनके विभाग की योजनाओं और प्राप्त हो रहे आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर शिकायत को गंभीरता से लेवें और उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

प्रभारी सचिव डोगरा ने कहा कि यह अभियान राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समन्वित विकास को बढ़ावा देने, मूलभूत सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति के लिए चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डोगरा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। ऐसे शिविरों के माध्यम से हम जमीनी स्तर पर जरूरतमंदों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी शिविरों को केवल औपचारिकता न मानें, बल्कि इसे जनसुनवाई और त्वरित समाधान का एक प्रभावी मंच बनाएं। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीशाषी अभियन्ता प्रतिभा सहित नगर परिषद के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

डिस्कॉम अध्यक्ष, जयपुर विद्युत वितरण निगम एवं जिले की प्रभारी सचिव आरती डोगरा ने सीकर उपखण्ड पिपराली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कोलिडा में बुधवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो तथा शिविर के बाद भी लोगों से निरंतर संवाद बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रभावी मॉनिटरिंग हो। उन्होंने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से बातचित कर योजनाओं की हकीकत जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## दानपात्र तोड़कर नगदी चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार, जेल भेजा

**सादुलपुर,** (निसं)। पाबासी गांव के जोहड में बने गोरखनाथ के धूणे में दानपात्र तोडकर दान पात्र से नगदी चोरी के आरोप में राजगढ थाना पुलिस ने मंगलवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया है।

शाम पांच बजे दी जानकारी के अनुसार राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि उक्त चोरी प्रकरण में पुलिस ने नामजद आरोपी धनिया उर्फ सुमेर सिंह पुत्र तेजापल राजपूत (22) निवासी ददरेवा पुलिस थाना राजगढ जिला चूरू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायाधीश के आदेशानुसार जेल भेज दिया। जनचर्चा के अनुसार उक्त आरोपी द्वारा पूर्व में भी धूणे के दानपात्र में चोरी करने का आरोप है, मगर उस वक्त आरोपी पुलिस पकड में नहीं आया। थानाधिकारी सिहाग ने बताया कि इस संबन्ध में 20 सितम्बर 2025 को इन्द्र सिंह पुत्र जोरावर सिंह राजपूत (66) निवासी पाबासी ने राजगढ थाने में मामला दर्ज करवाया था कि पाबासी के जोहड में गोरखनाथ के धूणे में दानपात्र रखा हुआ है, जिसमें ग्रामवासी व आसपास के क्षेत्र के आमजन व श्रद्धालू आते है और अपनी इच्छानुसार मंदिर व धूणे में कल्याणकारी कार्य करवाने के लिये अपनी इच्छानुसार दान पात्र में रूपये पैसे डालते है। उक्त दानपात्र से पहले भी कई बार चोरी हो चुकी है, परन्तु चोर पकड में नहीं आ रहा था। 20 सितम्बर 2025 को समय करीब 10 बजे वह हमेशा की तरह घूणें में पूजा पाठ करने के लिए गया तो वहां पर एक करीब 22-23 साल का लडका मौजूद था और उसके हाथ में जनरेटर स्टार्ट करने का एक हेडल था और उसने दान पात्र को तोड रखा था व पैसे निकाल रखे थे, उसे देखकर वह भागने लगा तो उसने उसे पकड लिया और मेरे शौर मचाने पर रणवीर सिंह पुत्र जगनाराम जाट, हरिसिंह पुत्र मुकनसिंह राजपूत, मालाराम पुत्र भूराराम जाट, नारायणसिंह पुत्र लिछमणराम जाट निवासीगण पाबासी व अन्य ग्रामीण भी इकटठा हो गये और उन्होने मिलकर उसको काबू में कर लिया। उसके बाद उससे पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसका नाम सुमेरसिंह पुत्र तेजपाल राजपूत निवासी ददरेवा तहसील राजगढ जिला चूरू है और वह पहले भी कई बार धूणे पर दानपात्र में चोरी कर चुका है।

### अतिक्रमण हटाया

**नोहर** (निसं)। यहां अतिक्रमणों पर प्रशासन का एक बार फिर से पीला पंजा चला। प्रशासन की ओर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यहां के उप जिला चिकित्सालय के सामने से अतिक्रमण हटाए गए। यह अतिक्रमण दशकों से यहां स्थापित थे।

जानकारी के अनुसार प्रशासन की ओर से यहां बीएसएनल ऑफिस से कोर्ट, जिला अस्पताल होते हुए रावतसर मार्ग पर सरस डेयरी तक मुख्य सड़क पर बने स्थाई व अस्थाई प्रकृति के अतिक्रमणों को हटाया गया।

इससे पूर्व प्रशासन की ओर से तीन दिन का नोटिस भी संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया गया था, जिसके चलते अधिकांश अतिक्रमण तो स्वत: ही हटा दिए गए और जो बाकी बचे थे उनको हटाने के लिए आज अल सुबह ही नगर पालिका प्रशासन का अमला दल बल के साथ पहुंचा।

## पांच दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन, विजेता सम्मानित

**चूरू** (निसं)। अग्रवाल समाज की ओर से चल रही पांच दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन सोमवार को पारितोषिक वितरण से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम प्रकाश गोयल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत भाऊवाला ने की। वहीं राजेश मंडावेवाला, शंकर लाल सराफ, मुरारी लाल घाघुंवाला कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में सिरसा के कलाकारों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर अतिथियों ने क्रिकेट, हाऊजी, थाली सजाओ, रंगोली, नो गैस कुकिंग, फैंसी ड्रेस, डांडिया नृत्य, मेहंदी, पेंटिंग कंपटीशन, जंपिंग रेस, फाइंड द कैंडी, म्यूजिकल चेयर, रस्साकस्सी 10वीं, 12वीं परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक, स्नातक व स्नातकोत्तर में 65 प्रतिशत से अधिक अंक, वर्ष 2024-25 में विशेष योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण राजकीय सेवा, प्रशासनिक सेवा व इनके समकक्ष डिग्री धारकों व अन्य किसी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रमाकांत भाऊवाला ने कहा कि शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ सकता है। इस अवसर पर बडी संख्या में समाज के महिला-पुरुष उपस्थित थे।




चूरू में अग्रवाल समाज की ओर से चल रहे अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन हुआ।

## शेखावाटी फाउंडेशन का स्थापना समारोह कल

**झुंझुनूं,** (निसं)। शेखावाटी फाउंडेशन की झुंझुनूं इकाई का स्थापना एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम 25 सितंबर को डीएम मोदी सभागृह झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी समसपुर रोड झुंझुनूं में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले हाल में आपरेशन रक्षक के दौरान देश के लिए शहादत देने वाले लालपुर गांव के शहीद इकबाल अली परिवार को उनके घर जाकर एक लाख रूपए की सहायता का चैक दिया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह के संयोजक प्रमेंद्र कुल्हार ने बताया कि शेखावाटी फाउंडेशन एक राष्ट्रीय संगठन है। जो कि गैर राजनैतिक है एवं सर्वसमाज का प्रतिनिधित्व करता है।

इस संगठन की राजस्थान राज्य की इकाई भी सक्रियता से कार्यरत है। फाउंडेशन का उद्देश्य समूचे शेखावाटी समेत झुंझुनूं जिले के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिणक विकास में योगदान देना, केंद्र सरकार, राज्य सरकार व स्थानीय लोगों के समन्वय से ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण, विकास की योजनाएं स्वीकृत करवाकर लागू करने आदि सृजनात्मक व प्रगतिमूलक कार्यों में मिलकर योगदान देने का है। शेखावाटी फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी और महासचिव दीपेंद्र बुडानिया ने बताया कि शेखावाटी फाउंडेशन की राष्ट्रीय एवं राज्य इकाइयों के अनुमोदन के पश्चात झुंझुनूं जिले की इकाई का गठन किया जा रहा है। जिसका स्थापना समारोह 25 सितम्बर को शाम चार बजे जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के मुख्य आतिथ्य व फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव गजानंद शर्मा, संरक्षक सुभाष जोशी, मुख्य सयोजक पशुपति कुमार शर्मा, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, प्रदेश सचिव राकेश लाटा, राष्ट्रीय संयोजक हरिशंकर शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरधारीलाल शर्मा एवं प्रकाश अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया जा रहा है।

इस भव्य कार्यक्रम में सीकर व चूरू इकाइयों के पदाधिकारी, सदस्य व प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। संगठन के जिला संयोजक डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह से पहले दोपहर दो बजे राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय सभी पदाधिकारी तथा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी लालपुर गांव जाएंगे। जहां पर वे लालपुर गांव के शहीद इकबाल अली के परिजनों को एक लाख रूपए की सहायता राशि देकर शहीद की शहादत को नमन करेंगे।

## सार-समाचार

### नवरात्रा महोत्सव-2025 का शुभारंभ

**नोहर,** (निसं)। श्रीराम वाटिका में सोमवार रात्रि को नवरात्रा महोत्सव 2025 का विधिवत् शुभारंभ मंत्रोच्चार एवं नवदुर्गा पूजा-अर्चना के साथ हुआ। धार्मिक वातावरण में देवी भक्ति और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमित चाचाण रहे। विशिष्ट अतिथियों में संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय मोदी, रामलीला कमेटी अध्यक्ष चौथमल पारीक, एपेक्स क्लब अध्यक्ष अनुज खदरिया, अग्रवाल सभा समिति मंत्री विनोद गोल्याण, प्रवासी उद्यमी लोकेश बंसल व व्यवसायी मुकेश बंसल शामिल हुए। नवरात्रा महोत्सव कमेटी की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।वाराणसी से पधारे हर्ष मिश्रा व ग्रुप ने हर वर्ष की भांति इस बार भी माँ दुर्गा और माँ गंगा की दिव्य आरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने स्वागत भाषण में सभी भक्तजनों व अतिथियों का आभार जताया। इसके बाद सुन्दर रंग रंगीलो राजस्थान कल्चरल ग्रुप की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। निर्देशक अशोक राजवानियां के नेतृत्व में कलाकार सुनीता, पायल, विजेता, शालू, यामिनी और हरीश शर्मा ने ऊँचो माताजी रो देवरो, कानूड़ों रंग डार गया, रुण झूण बाजै घूघरा जैसे गीतों और नृत्यों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रवण सुथार और चंचल राठौड़ ने आकर्षक अंदाज में किया। इस मौके पर कमेटी पदाधिकारी भीमसेन गोल्याण, राजकुमार नागल, जे.पी. अग्रवाल, जे.के. वर्मा, प्रभु शर्मा, पवन कन्दोई, पार्षद संतलाल रेगर, पूर्व पार्षद मदन जोशी, बसन्त तिवाड़ी, ओम लालवाणी, पवन हिसारिया, बालकृष्ण व्यास, अशोक कन्दोई, गणेश सेवग, राकेश नागल, रमेश सोनी, मनोज कौशिक, एडवोकेट मदन शर्मा, अजय हिसारिया, राहुल नागल, सुभाष सैनी व सुशील तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, भक्तजन और श्रोता मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### 104 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नोहर,** (निसं)। राजस्थान आयुर्वेद औषधालय दलपतपुरा के तत्वावधान में मंगलवार को आयुष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वस्थ नारी-सशक्त भारत स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दलपतपुरा की प्रधानाचार्य यशोदा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. दयाराम न्योल ने भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना कर किया। स्वास्थ्य शिविर में फिजिशियन डॉ. आशीष द्वारा आम नागरिकों की जांच की गई। शिविर सुबह 8 से 11 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दलपतपुरा तथा 11 से 2 बजे तक संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय राजसिंहपुरा में संपन्न हुआ। दोनों स्थानों पर कुल 104 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। एनसीडी प्रोग्राम के तहत 74 रोगियों की जांच और नारी सशक्त अभियान के अंतर्गत 42 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर में विद्यालय के 197 बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट एवं ब्लड ग्रुप जांच भी की गई। वहीं, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से 44 घरों में पौधारोपण भी किया गया।इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन अनिल श्योराण, सीएससी से मेघना व पंकज पंडा, आयुर्वेद कंपाउंडर प्रहलाद शर्मा, योग शिक्षक मंजू सहारण, राजेश गोदारा, सैनपाल व सलीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय स्टाफ ने भी आयोजन में पूरा सहयोग प्रदान किया।

### सहकारी भूमि विकास बैंक की बैठक हुई

**चूरू** (निसं)। जिला सहकारी भूमि विकास बैंक लि. चूरू की 33वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक चेयरमैन ईशरराम डूडी की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में वर्ष 2024-25 के आरक्षित लाभ-हानि खाता, संतुलन चित्र, वार्षिक बजट व ऑडिट रिपोर्ट पर चर्चा की गई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया है। इस अवसर पर चेयरमैन डूडी ने वर्तमान में चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि एक मुश्त समाधान योजना में अवधिपार ऋणी कृषकों के ऋण चुकाने का यह सुनहरा अवसर है, जिसमें मूलधन राशि जमा करवाने पर ब्याज व दण्ड ब्याज की पूर्ण राहत प्रदान की जा रही है। सदस्य गणपतराम ख्यालिया ने सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुये सभी सदस्यों को बैंक ऋण वसूली में पूर्ण सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर मूलाराम कस्वां, धर्मचन्द गोदारा ने भी अपने सुझाव साझा किये। इस अवसर पर उप रजिस्ट्रार सुनिल कुमार माण्डिया, कॉपरेटिव बैंक प्रबंधक मदनलाल शर्मा, जिला सदस्यता अभियान के प्रभारी मधु मीणा ने भी विचार व्यक्त किये। बैंक सचिव निशा कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया और सभी सदस्यों को एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत अपने-अपने क्षेत्र में बकाया ऋणी सदस्यों से ऋण वसूली में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर मनफूल सिंह पूनिया, भारत भूषण शर्मा, सुरेन्द्र सोलंकी व लियाकत अली ने आयोजकीय भूमिका निभायी।

### श्रद्धासुमन अर्पित किये

**चूरू** (निसं)। एन.एच. 52 पर हुए एक कार्यक्रम में मंगलवार को मेजर दलपत सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान सिंह सांखला ने की। संस्थान के अध्यक्ष इंद्रसिंह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष बजरंग सिंह परिहार, हरिसिंह कुमानी, हनुमान सिंह चौहान, रामसिंह बिदावत, दलीप सिंह निर्वाण, सुमेर सिंह सोढा आदि मंचस्थ अतिथि थे। इस दौरान अतिथियों और सभी समाज बंधुओं ने मेजर दलपत सिंह के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भंवर सिंह परिहार व डिंपल मेडतिया ने मेजर दलपत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिथियों ने सामाजिक एकता व जातिगत गणना में एकता दिखाने पर बल दिया।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू./2025/1854 दिनांक: 23/09/2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमनदीप पुत्र श्री कृष्णलाल जाति सुथार निवासी रावतसर जिला हनुमानगढ ने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड 50'गुणा 80' में से साईज 1000 वर्गफुट(उत्तरी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड मे दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा ग्राम पंचायत रावतसर द्वारा श्री हाकम सिंह पुत्र श्री केहर सिंह के नाम से साईज 50' गुणा 80' फुट का जारीशुदा है। श्री हाकम सिंह की मृत्यु दिनांक 16.06.2023 द्वारा मृत्यु हो चुकी है जिनके जायज वारिस श्रीमती गुरनाम कौर(पत्नि), श्री जगरसिंह, प्रतापसिंह,वीरसिंह, छिन्द्रपाल,जयवीर कौर, गुतरी देवी, गुड्डी देवी, निकड़ी,पाली, बिमला, गीता पुत्र-पुत्रीयां श्री हाकम सिंह। श्री जगर सिंह की मृत्यु हो चुकी है जिनके जायज वारिस श्रीमती जसवीर कौर(पत्नि), मखन सिंह, अवेंज सिंह, सेवक सिंह, प्रवीण कौर पुत्र-पुत्री श्री जगर सिंह व प्रताप सिंह की भी मृत्यु हो चुकी है जिनके जायज वारिस सुखपाल कौर, रविकुमार, निर्मल सिंह है। उक्त वारिसों में से श्रीमती जसवीर कौर, तवकखन सिंह, अवेंज सिंह, सेवक सिंह, जगर सिंह, प्रवीण कौर ने उक्त भूखण्ड में से अपना सम्पूर्ण हिस्सा जरिये पंजीकृत बेयनामा दिनांक 08.09.2025 द्वारा श्री अमनदीप पुत्र श्री कृष्ण लाल जाति सुथार को बेचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

रजनीश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर